
## खबरों में रहे स्टॉक


**ल्यूपिन**




प्रासुग्रेल टेबलेट्स के लिए यूएसएफडीएस से मंजूरी

₹ 749.2 पिछला बंद भाव
₹ 758.9 आज का बंद भाव
1.3 % ▲


**ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी**




2007 में बने 80 टन वाले एंकर हैंडलिंग व आपूर्ति वाले जहाज खरीदने का करार

₹ 647.4 पिछला बंद भाव
₹ 659.3 आज का बंद भाव
1.8 % ▲


**जायडस लाइफसाइंसेज**




फेब्यूक्सोस्टैट टेबलेट्स के लिए यूएसएफडीए की अंतिम मंजूरी मिली

₹ 443.2 पिछला बंद भाव
₹ 457.6 आज का बंद भाव
3.2 % ▲


**टाटा मोटर्स**




तीसरी तिमाही में जेएलआर की बिक्री सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़ी

₹ 389.4 पिछला बंद भाव
₹ 413.1 आज का बंद भाव
6.1 % ▲

**सोना बीएलडब्ल्यू प्रीसिजन फोर्जिंग**




नोवेलिक की 54 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए करार

₹ 422.5 पिछला बंद भाव
₹ 447.5 आज का बंद भाव
5.9 % ▲

## संक्षेप में

### ब्रिक ऐंड बोल्ट ने एक करोड़ डॉलर जुटाए

निर्माण सेवा की स्टार्टअप ब्रिक ऐंड बोल्ट ने मंगलवार को बताया कि उसने एक करोड़ डॉलर जुटाए हैं। उसने वैश्विक कैपिटल उद्यम पूंजी फंड एक्सेल और सेलेस्टा कैपिटल की अगुआई में धन जुटाया है। कंपनी इस राशि का उपयोग तकनीक को बेहतर बनाने, अपने नेतृत्व दल को मजबूत करने और आने वाले 15 महीनों में कंपनी का विस्तार 12 से अधिक शहरों में करने में करेगी। ब्रिक ऐंड बोल्ट ने दूसरे दौर में 1.6 करोड़ डॉलर जुटा लिए हैं। कंपनी ने पहले सिकोइया सर्ज, फाउंडामेंटरल जीएमबीएच, एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स और स्ट्राइड वेंचर्स की मदद से 60 लाख डॉलर जुटाए थे। *बीएस*

### हिताची पेमेंट सर्विसेज व भारतपे भी एग्रीगेटर

हिताची पेमेंट सर्विसेज और भारतपे को भारतीय रिजर्व बैंक से सैद्धांतिक रूप से पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में कारोबार करने की अनुमति मिल गई है। यह जानकारी कंपनियों ने दी है। आरबीआई से पेमेंट एग्रीगेटर की अनुमति मिलने से हिताची पेमेंट सर्विसिज बी2बी उपभोक्ताओं को वन स्टॉप डिजिटल पेमेंट सर्विसेज मुहैया करवा पाएगी। इसके तहत कंपनी सभी डिजिटल भुगतान के उत्पाद और मूल्य वर्धित सेवाएं जैसे ईएमआई, पे लेटर, बीबीपीएस और लॉयल्टी सॉल्यूशन मुहैया करवा पाएगी। उधर भारतपे को कारोबार का विस्तार और डिजिटल भुगतान के सॉल्युशन की पहुंच बढ़ाने का अवसर मिलेगा। भाषा

**बुधवार को शुरू हो रहे ऑटो एक्सपो से**

# कई दोपहिया कंपनियां रहेंगी दूर

नितिन कुमार
नई दिल्ली, 10 जनवरी

भले ही इलेक्ट्रिक वाहन इस साल के ऑटो एक्सपो में अपनी लोकप्रियता में इजाफा करने में सफल रहेंगे, लेकिन कई प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई2डब्ल्यू) कंपनियां इस बार इस एक्सपो में शामिल नहीं हो रही हैं। ओला, ओकीनावा, हीरो इलेक्ट्रिक, और एथर समेत कई प्रमुख ई2डब्ल्यू कंपनियों ने इस ऑटो एक्सपो से दूर रहने का निर्णय लिया है।

कई कंपनियों का कहना है कि वे भागीदारी की ऊंची लागत और मीडिया द्वारा पर्याप्त ध्यान नहीं दिए जाने तथ दोपहिया सेगमेंट में ग्राहक दिलचस्पी कमजोर रहने की वजह से इस बार एक्सपो में शामिल नहीं हो रहीं हैं।

ऑटो एक्सपो में शामिल हो रही एक प्रमुख ई2डब्ल्यू कंपनी का कहना है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार अभी शुरुआती अवस्था में है और इस इवेंट में भागीदारी वित्तीय रूप से उपयुक्त नजर नहीं आ रही है। इस कंपनी का कहना है, 'हमारा ध्यान उद्योग दिग्गजों के साथ खड़े होने के बजाय शोध एवं विकास पर अधिक है। इसके अलावा, एक्सपो में भाग लेना ज्यादा महंगा भी है।'

एक प्रमुख दोपहिया निर्माता कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दोपहिया खंड में ग्राहकों की दिलचस्पी घटने से ई2डब्ल्यू कंपनियों ने इस एक्सपो से दूर बने रहने का निर्णय लिया है। उनका कहना है, 'ऑटो एक्सपो कार इवेंट ज्यादा है। ज्यादातर लोग इसमें दोपहिया नहीं बल्कि नई कार देखने आते हैं। जो लोग दोपहिया देखना चाहते भी हैं, उनका ध्यान 2 लाख रुपये से ज्यादा कीमत वाली सुपरबाइक पर रहता है।'

भारतीय बाजार में ज्यादातर ई2डब्ल्यू 1.5 लाख रुपये से कम कीमत वाली हैं।

एक्सपो में शामिल नहीं होने के बारे में वजह जानने के लिए हीरो इलेक्ट्रिक और ओकीनावा को भेजे गए ईमेल संदेशों का कोई जवाब नहीं मिला है। वहीं, एथर और ओला ने इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

एक अन्य प्रमुख कंपनी का कहना है कि ऑटो एक्सपो में किसी मॉडल को पेश करने से उसे मदद नहीं मिलती है, क्योंकि इसमें छोटी वाहन कंपनियों के लिए मीडिया कवरेज का अभाव होता है।

हालांकि शीर्ष ई2डब्ल्यू में शामिल एम्पीयर इस एक्सपो में भाग ले रही है। इसमें अपने वाहन पेश करने वाली अन्य कंपनियां हैं ग्रीव्स इलेक्ट्रिक, एलएमएल, टॉर्क मोटर्स, मैटर, गोदावरी इलेक्ट्रिक और ईवियम आदि।

एक्सपो में भाग ले रहीं ज्यादातर कंपनियों में ऐसे स्टार्टअप शामिल हैं जो इस एक्सपो को न सिर्फ अपने उत्पाद पेश करने बल्कि अन्य बी2बी कंपनियों से जुड़ने के अवसर के तौर पर भी देख रहे हैं। टॉर्क मोटर्स के संस्थापक कपिल शेल्के का कहना है कि ऑटो एक्सपो आपूर्तिकर्ताओं, निर्माताओं, डीलरों आदि समेत बड़ी तादाद में दर्शकों के समक्ष उत्पाद पेश करने का बड़ा मंच है।

वाहन निर्माताओं के संगठन सायम का कहना है, '2020 के एक्सपो के मुकाबले इस बार ज्यादा संख्या में उद्योग भागीदार इसमें शामिल हो रहे हैं। इस मोटर शो में करीब 80 उद्योग हितधारक हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 46 वाहन निर्माता शामिल हैं।'



### इस बार नहीं ज्यादा आस

- ओला, ओकीनावा, हीरो इलेक्ट्रिक, और एथर समेत कई प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माता कंपनियां इस बार ऑटो एक्सपो में शिरकत नहीं कर रही हैं
- कई कंपनियों ने इसके लिए ऑटो एक्सपो में भागीदारी की ऊंची लागत और दोपहिया सेगमेंट में ग्राहक दिलचस्पी कमजोर होने जैसे कारण बताए हैं

## टाटा मोटर्स की रेटिंग बढ़ाई

**वैश्विक** ब्रोकरेज सीएलएसए ने मंगलवार को टाटा मोटर्स के शेयर को 'खरीदें' रेटिंग दी। ब्रोकरेज का मानना है कि जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की बिक्री में सुधार के साथ साथ मार्जिन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का मुक्त नकदी प्रवाह मजबूत होगा।

सीएलएसए ने इस शेयर के लिए 512 रुपये का कीमत लक्ष्य तय किया है, जिससे मौजूदा स्तरों से 24 प्रतिशत तेजी आने का पता चलता है। टाटा मोटर्स का शेयर मंगलवार को दिन के कारोबार में 7 प्रतिशत तक चढ़ गया था और आखिर में 6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 413 रुपये पर बंद हुआ। वहीं, टाटा मोटर्स डीवीआर 3.65 प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ।

तुलनात्मक तौर पर, बीएसई का सेंसेक्स 1 प्रतिशत गिरा, जबकि बीएसई ऑटो सूचकांक में 0.13 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सीएलएसए द्वारा रेटिंग में सुधार वित्त वर्ष 2023 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जेएलआर द्वारा शानदार थोक बिक्री दर्ज किए जाने की वजह से किया गया है। चिप आपूर्ति में आ रहे सुधार से जेएलआर को मदद मिली है। *बीएस*

## सवाल जवाब

# बड़े पैमाने पर सेवाओं की पेशकश से मिला लाभ

**टीसीएस के मुख्य परिचालन अधिकारी और कार्यकारी निदेशक एन गणपति सुब्रमण्यम ने एक साक्षात्कार में शिवानी शिंदे को बताया कि भर्तियों में कमी जैसी बाधाओं और सॉफ्टवेयर इंजीनियरों पर चैटजीटीपी और कोपायलट जैसी तकनीक के असर के बीच इस तिमाही में कौन सी बात अहम रही है। बातचीत के संपादित अंश...**



**तीसरी तिमाही में टीसीएस के पक्ष में कौन सी बात कारगर रही जिसके बलबूते इसने बेहतर आंकड़े दर्ज किए?**

यह विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है। ग्राहक बजट पर अपनी पकड़ बनाए हुए हैं और यूरोप में जिस तरह की स्थिति है उसमें काफी सतर्कता बरती जा रही है। दूसरी ओर, ब्रिटेन में हमारे ग्राहकों का आधार बहुत प्रगतिशील और काफी निर्णायक रहा है। यह निजी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र में भी है। यह हमारी ब्रिटेन की वृद्धि में दर्शाया गया है जिसमें सालाना आधार पर 15.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी थी। अमेरिका में भी ऐसा ही है। इस वक्त आर्थिक स्थितियों को देखते हुए लागत का संतुलन करने जैसी परिस्थिति भी बनी है। इसीलिए हम छंटनी जैसी स्थिति देख रहे हैं। यह तकनीकी बजट से संबंधित नहीं है। हमारे दृष्टिकोण से दो महत्वपूर्ण चीजें हुईं- सबसे पहले, विश्व स्तर पर एक वेंडरों का एकीकरण हो रहा है या अनुकूलन के प्रयास हो रहे हैं। इस क्षेत्र में हमारी व्यापक उपस्थिति और बड़े पैमाने पर सेवाओं की पेशकश के चलते हमारे खाते में ऐसे सौदे आएं हैं जिनकी वजह से हमारी बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है।

**क्लाउड में मांग कितनी अहम हैं?**

आपको इसे अलग तरह से देखना होगा। यदि आप ग्राहकों के बजट को देखें तो यह कारोबार चलाने के लिए लगभग 60-65 प्रतिशत और बदलाव लाने के लिए यह बजट 30-35 प्रतिशत हो जाता है। पारंपरिक आईटी बजट ऐसा ही दिखेगा। प्रौद्योगिकी में बदलाव और नवाचार के कारण यह अनुपात बिल्कुल इसके उलट हो गया है।

**क्या वृद्धि और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल से जुड़े सौदों का आकार भी कम हो गया है, कुछ साल पहले तो इनकी संख्या काफी ज्यादा थी?**

हमारे पास विशेष रूप से वेंडर एकीकरण श्रेणी में भी बड़े सौदे हैं। इनकी अवधि 3-4 साल है। यह इसलिए भी हो रहा है क्योंकि ग्राहकों ने बहुत सारे विक्रेताओं को छोटे सौदे दिए और अब इससे लागत बढ़ रही है।

**... तब क्या चौथी तिमाही में भी मजबूती बनी रहेगी?**

चौथी तिमाही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अगले वित्तीय वर्ष की दर का अंदाजा देगी और इससे यह भी तय होगा कि हम दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज करेंगे या नहीं।

**agriwise एग्रीवाइज फिनसर्व लिमिटेड**
(पूर्वतः स्टार एग्री फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : 601-604, छठा तल, सहार प्लाजा कॉम्प्लेक्स, बोनान्जा इंटरनैशनल, निकट जे बी नगर मेट्रो स्टेशन, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059

**भौतिक कब्जा सूचना [(परिशिष्ट IV) नियम 8 (1)]**

जबकि, एग्रीवाइज फिनसर्व लिमिटेड, पूर्वतः स्टार एग्री फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात, एक गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी, पंजीकृत कार्यालय : 601, छठा तल, सहार प्लाजा कॉम्प्लेक्स, बोनान्जा इंटरनैशनल, निकट जे बी नगर मेट्रो स्टेशन, चकला, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059, महाराष्ट्र, भारत (इसमें आगे "बंधककर्ता" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 16 नवम्बर, 2021 जारी की थी, जिसमें **कर्जदार, सह-कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता नामतः श्री पप्पू सिंह पंवार पुत्र जुवार सिंह, श्री जुहार सिंह पुत्र उमराव सिंह, श्रीमती ताजकुंवर बाई पत्नी जुवार सिंह, श्री वीरेन्द्र सिंह पंवार पुत्र विक्रम सिंह, सभी निवासी मकान नंबर 79, ग्राम जिंदा खेड़ा, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, लैंडमार्क टेम्पल, मध्य प्रदेश-452010** से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार **11 नवम्बर, 2021 तक बकाया राशि रू. 24,89,285/- (रूपए चौबीस लाख नवासी हजार दो सौ पिचासी मात्र)** तथा उस पर लागू ब्याज और अन्य प्रभारों का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

"कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा **06-01-2023** को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार "एग्रीवाइज फिनसर्व लिमिटेड, पूर्वतः स्टार एग्री फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात" की **11 नवम्बर, 2021** तक बकाया राशि **रू. 24,89,285/- (रूपए चौबीस लाख नवासी हजार दो सौ पिचासी मात्र)** उस पर लागू ब्याज और अन्य प्रभारों सहित का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

"कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन निम्नानुसार है :-**

1. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति मकान नंबर 79/1, पी.एच. नंबर 11, वार्ड नंबर 04, ग्राम जिंदाखेड़ा, तहसील हाटोड, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश। **चौहद्दी :** पूरब : दिलीप का मकान, पश्चिम : प्रहलाद सिंह का मकान, उत्तर : अमर सिंह का मकान, दक्षिण : रोड, कुल क्षेत्रफल : 5400.00 वर्ग फीट
2. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति मकान नंबर 79, पी.एच. नंबर 11, वार्ड नंबर 04, ग्राम जिंदाखेड़ा, तहसील हाटोड, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश। **चौहद्दी :** पूरब : जितेन्द्र का मकान, पश्चिम : रोड, उत्तर : रोड, दक्षिण : रोड, कुल क्षेत्रफल : 900.00 वर्ग फीट

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : इंदौर मैसर्स एग्रीवाइज फिनसर्व
तिथि : 06-01-2023 पूर्वतः स्टार एग्री फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
केंद्रीय कार्यालय : 763, अण्णा सालै, चेन्नै - 600 002

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक निम्नलिखित के लिए बोली लगाने हेतु आमंत्रित करता है:

**गवरमेंट ई-मार्केट पोर्टल - केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली और स्वचालित डेटा प्रवाह की आपूर्ति कार्यान्वयन और रखरखाव**

बोली संख्या : जीईएम/2023/बी/2967069 दिनांकित : 10/01/2023

उपरोक्त GEM निविदा दस्तावेज भी उपलब्ध है और इसे डाउनलोड किया जा सकता है www.gem.gov.in और www.iob.in।

**www.iob.in & www.gem.gov.in**

निविदा का विवरण और भविष्य में किए जाने वाले किसी भी संशोधन के लिए, उक्त वेबसाइट www.gem.gov.in का संदर्भ लेते रहें।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसब टैंक, हैदराबाद-500 028
(CIN) - L13100TG1958GOI001674
Telephone: 0091-40-23538710/770, 23538713 to 23538721, Ext: 138/270/249,
Email: csreddy@nmdc.co.in; bmkumar@nmdc.co.in; jpsingh@nmdc.co.in

निविदा सं. HQMM/4003-21/1100000522/93 दिनांक : 10.01.2023

**खुली निविदा सूचना**

एनएमडीसी लि., डायमंड माइनिंग प्रोजेक्ट, मझगांव, पन्ना मध्य प्रदेश, भारत के लिए आवश्यक सीधे प्रतिष्ठित निर्माताओं या भारत में उनके मान्यता प्राप्त एजेंटों से निम्नलिखित उपकरण हेतु ई-प्रोक्योरमेंट मोड द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित हैं।

| उपकरण का विवरण | मात्रा (सं.) | पूर्व-बोली बैठक | निविदा दस्तावेज अवधि का प्रदर्शन | प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि (अनुमानित) व समय | जमा धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| रियर डम्प ट्रक 40 टन क्षमता 6 साल/7500 घंटे जो भी पहले हो के लिए प्रचालन व रखरखाव स्पेयर्स के सहित | 1 | 30.01.2023 को सुबह 11.00 बजे | मसौदा : 11.01.2023 से 30.01.2023 अंतिम (अनुमानित तिथियां) : 08.02.2023 से 24.02.2023 | 24.02.2023 को दोपहर 2.30 बजे | रु. 200000/- |

पूर्ण निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त निविदा के लिए किसी शुद्धिपत्र केवल हमारी वेबसाइट www.nmdc.co.in, www.mstcecommerce.com/eprochome & http://eprocure.gov.in पर अपलोड किए जाएंगे और प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। संभावित बोलीदाता शुद्धिपत्र, यदि कोई है के लिए समय-समय पर उक्त एनएमडीसी लिमिटेड की वेबसाइट www.nmdc.co.in देख सकते हैं। आगे के विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.nmdc.co.in के निविदा सेक्शन में लॉगिन करें।

मुख्य महा प्रबंधक (सामग्री)

हर एक काम देश के नाम

**बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
एसबीयूः ग्रीसेस & लुब्रिकेंट्स
पी-43, हाइड रोड एक्सटेंशन, कोलकाता-700088
पंजीकृत कार्यालयः 21, एन. एस. रोड, कोलकाता-700 001
सीआईएन : L15492WB1924GOI004835

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

संदर्भ ईओआई सं. जीएलके/ईओआई/262, दिनांकः 11/01/2023, नियत तिथिः 01/02/2023 [भामास 16.00 बजे तक]

**बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड** (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन, भारत सरकार का एक उद्यम) वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की कोलकाता, सिलवासा एवं चेन्नई स्थित इकाइयों में ग्रीज एवं लूब ऑयल, कंपाउंड एवं स्पेशलिटी के निर्माण के लिए लुब्रिकेटिंग आधारित मिनरल ऑयल (ग्रुप I, ग्रुप II, नैफ्थेनिक आधारित ऑयल), बिटुमेन वीजी 10 (बल्क), सीबीएफएस, फ्यूल ऑयल यानी एलडीओ, एचएसडी, फर्नेस ऑयल इत्यादि की आपूर्ति के लिए स्वदेशी तथा विदेशी विक्रेताओं को विकसित करना चाहती है। "इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)", आवेदन प्रपत्र तथा अन्य विवरण के लिए इच्छुक विक्रेतागण कंपनी की वेबसाइट : **www.balmerlawrie.com; https://eprocure.gov.in/cppp** देख सकते हैं। उपर्युक्त के संबंध में किसी भी तरह का शुद्धिपत्र सिर्फ ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। किसी भी तरह के जानकारी के लिए कृपया श्री ए. के. नाहा, प्रधान (एससीएम), दूरभाषः 00 91 33 24500110; **ई-मेलः naha.ak@balmerlawrie.com** / श्री एस के श्रीवास्तव, वरिष्ठप्रबंधक (एससीएम), दूरभाषः 00 91 3324500158, ई-मेल : **srivastava.sk@balmer lawrie.com**; श्री प्रतीक बर्मन, अधिकारी (सेंट्रल प्रोक्योरमेंट) दूरभाष नं. 7595908681 से सम्पर्क करें।

**स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय नं. 1, तल मंजिल, पुष्पक सीएचएस, गोमंतक हाल के सामने, मालविया रोड, विले पार्ले, (ईस्ट) मुम्बई - 400 057 फोन : 18001234427
svatantra Micro Housing Finance Corporation

**परिशिष्ठ IV [ नियम 8 (1) देखें ] आधिपत्य सूचना**

जबकी,
स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMHFC) के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके नीचे तालिका में उल्लेखित ऋणीयों को मांग सूचना पत्र जारी कर उनसे मांग सूचना दिनांक/प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर ऋण राशि एवं उस पर ब्याज एवं खर्चे सहित अदा करने की मांग की गई थी।
चूंकि ऋणीयों ने अदायगी में त्रुटि की है अत: ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है।
ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMHFC) के ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता के समक्ष वर्णित राशि एवं पुर्नभुगतान तक उस पर ब्याज एवं खर्च के अधीन होगा।

| क्र. | ऋणी(यों)/ जमानतदार(रों) के नाम | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीना राजपूत श्री अंकित सिंह चौहान | 10-10-2022 / 07-01-2023 | रु. 3,65,566/- (रुपये तीन लाख पैंसठ हजार पाँच सौ छियासठ मात्र) | फ्लैट नं. 305, ई-28, बीडीए- घरौंदा - बर्राई गाँव बर्राई निकट कटारा हिल्स, राज्य और शहर- भोपाल - मध्य प्रदेश-462043 |
| 2 | श्री मनोज बिल्लोरे श्रीमती मनोरमा बाई | 10-10-2022 / 05-01-2023 | रु. 5,35,884/- (रुपये पाँच लाख पैंतीस हजार आठ सौ चौरासी मात्र) | फ्लैट नं. 505, ए-02, नर्मदा परिसर खसरा नं. 285, बाड़ा बांगरदा एक्सटेंशन, नया बसेरा कालोनी, गोमतगिरि मंदिर के सामने, दीपलपुर रोड, तहसीलः हथौड, इंदौर, मध्य प्रदेश-453115 |
| 3 | श्री कपिल कुमार सिंह श्रीमती शीला सिंह | 10-10-2022 / 05-01-2023 | रु. 5,05,803/- (रुपये पाँच लाख पाँच हजार आठ सौ तीन मात्र) | फ्लैट नं. 317, लाभ अपार्टमेंट, श्री राम कमल रेजिडेंसी - फेज 2 खसरा नं. 35/3/1, ग्राम नैनोड, निकट गोमतगिरि चौराहा, एयरोडोम रोड, तहसीलः नैनोड, जिलाः इंदौर, पिनकोड-452005 |
| 4 | श्री नितिन कापडे श्री हर्षद कापडे श्रीमती वनीता कापडे श्री गौरव कापडे | 10-10-2022 / 05-01-2023 | रु. 9,43,770/- (रुपये नौ लाख तैंतालीस हजार सात सौ सत्तर मात्र) | फ्लैट नं. 410, लाभ अपार्टमेंट, श्री राम कमल रेजिडेंसी - फेज 2 खसरा नं. 35/3/1, ग्राम नैनोड, निकट गोमतगिरि चौराहा, एयरोडोम रोड, तहसीलः नैनोड, जिलाः इंदौर, पिनकोड-452005 |
| 5 | श्री धीरज सिंह जाटव श्रीमती रश्मि जाटव | 10-10-2022 / 09-01-2023 | रु. 1,02,634/- (रुपये एक लाख दो हजार छह सौ चौंतीस मात्र) | फ्लैट नं. 09, सी7, डीएनपी-एएचपी- दामोह समन्ना रय्यतवाड़ी, निकट बाईपास रोड, दामोह, मध्य प्रदेश-470661 |
| 6 | श्री सौरभ सोलंकी, श्री शुभम सोलंकी, श्री रामेश्वर श्रीमती रेखा | 10-10-2022 / 05-01-2023 | रु. 5,26,328/- (रुपये पाँच लाख छब्बीस हजार तीन सौ अठाईस मात्र) | मकान नं. 80/1, सर्वे नं. 139, 140, 141 और 142, राम नगर, निकट विराट नगर, मूसाखेड़ी, इंदौर, मध्य प्रदेश-452001 |
| 7 | श्री गोपाल श्रीमती राधा बाई श्री विजय | 10-10-2022 / 07-01-2023 | रु. 3,87,550/- (रुपये तीन लाख सतासी हजार पाँच सौ पचास मात्र) | पटवारी हलका नं. 17, आबादी खसरा नं. 172, तहसील-हुजूर, बालमपुर, भोपाल, मध्य प्रदेश-462010 |
| 8 | श्री सुरेश कुमार सेन श्रीमती कनकू बाई, श्री सत्यनारायण सेन | 10-10-2022 / 06-01-2023 | रु. 1,29,858/- (रुपये एक लाख उनतीस हजार आठ सौ अठावन मात्र) | पट्टा सीरियल नं. 351, वार्ड नं. 06, गुर्जरबारडिया, मंदसौर, मध्य प्रदेश-458895 |

दिनांक : 11/01/2023 (शारीक सौदागर) प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मध्य प्रदेश तर्फे स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

**OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.**
**ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
CIN: U67100TZ2014PTC020363 कार्पोरेट कार्यालय : सी/515, कनाकिया जिलियन, जंक्शन ऑफ एलबीएस रोड एण्ड सीएसटी रोड, बीकेसी एनेक्सी, कुरला (वेस्ट), मुम्बई - 400 070, ईमेल: shreyans.chandaliya@omkaraarc.com/ rajesh.jumani@omkaraarc.com
फोन नं. : 022-26544000, प्राधिकृत अधिकारी मोब.सं. +91 86579 69231 / +91 86579 69233

[परिशिष्ठ - IV-A]
[नियम 8(6) और 9(1) के लिए परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सार्वजनिक सूचना
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से नीचे उल्लेखित उधारकता(ओं) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित रखी गई है, जिसका कब्जा **इंडसइंड बैंक लिमिटेड(आईबीएल)** के प्रीधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त कर लिया गया है। इसके अलावा, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड(ओएआरपीएल) (ओमकारा पीएस 30/2021-2022 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत) ने इंडसइंड बैंक लिमिटेड(समनुदेशक बैंक) से दिनाक 30.09.2021 के अभिहस्तांकन समझोते के तहत नीचे दिए गए खातों के पूरे बकाया ऋणों का अधिग्रहण किया है। तदनुसार, ओएआरपीएल ने समनुदेशक बैंक की जगह ली है और प्रत्याभूत को प्रवर्तित करने का अधिकार लिया है। ओएआरपीएल के प्राधिकृत अधिकारी बकाया राशि की वसूली के लिए निम्न वर्णित प्रत्याभूत संपत्तियों की बिक्री का इरादा रखते हैं और इसलिए प्रत्याभूत संपत्तियों की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफे में निविदाएं/ बोलियां आमंत्रित का जाती हैं। संपत्तियों को सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) और (4) के प्रावधानों के तहत अधिकारों और शक्तियों के प्रयोग में ओएआरपीएल को संबंधित उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता(ओं) से प्रत्याभूत ऋणदाता के रूप में संबंधित कॉलम में नीचे दिखाई गई राशि की वसूली के लिए **''जो है, जहां है'', ''जो है जैसी है'', ''वहां जो कुछ भी है'' और ''दायित्वरहित आधार''** पर बेचा जाएगा। उधारकर्ता(ओं)/गारंटरों/बंधककर्ताओं, प्रतिभूतियों, मालिक, बकाया देय राशि, धारा 13(2) के त हत भेजे गए मांग सूचना की दिनांक, कब्जा दिनांक, आरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि राशि, अग्रीम राशि जमा(ईएमडी) निरीक्षण की दिनांक और समय का विवरण निम्नानुसार हैं-

| क्र. सं. | उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) बंधककर्ता(ओं) के नाम | प्रत्याभूत परिसंपत्ति का विवरण | संपत्ति का स्वामी | 18.11.2019 को बकाया देय राशि | मांग सूचना की दिनांक | कब्जे की दिनांक | आरक्षित मूल्य (रू.लाखों में) | बोली वृद्धि राशि | ईएमडी | निरीक्षण की दिनांक और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स विनय इंडसट्रीज (उधारकर्ता) श्री सुमित खण्डेलवाल (गारंटर) श्रीमती रचना खण्डेलवाल (गारंटर) श्री मनेहरलाल खण्डेलवाल (बंधककर्ता/गारंटर) | प्लॉट सं.40 पर मकान, महेश नगर, अंखपाठ मार्ग, उज्जैन, मध्यप्रदेश और सीमांकन निम्न प्रकार : **पूर्व :** प्लॉट सं.39, **पश्चिम :** प्लॉट सं.41, **उत्तर :** प्लॉट सं.48, **दक्षिण :** सड़क | श्री मनोहरलाल खण्डेलवाल | रुपये. 1,21,33,670.04/- (रुपये एक करोड़ इक्कीस लाख तैंतीस हजार छह सौ सत्तर और चार पैसा मात्र) | 19.11.2019 | 19.03.2021 | 61.00 | रुपये. 50,000/- | रुपये. 6,10,000/- | दिनांक 24.01.2023 समय : अर्पाह्न 1:00 बजे से अर्पाह्न 03 : बजे तक |

खाता सं.: 055505010221, लाभार्थी का नाम : ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट, बैंक का नाम : आईसीआईसीआई बैंक, शाखा : बांद्रा (ई), मुंबई, आईएफएससी कोड : ICIC0000555

ई-नीलामी की दिनांक और समय : 31.01.2023 अर्पाह्न 1:00 बजे से अर्पाह्न 02:00 बजे(दोप) | केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी का प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक और समय : 30.01.2023 अर्पाह्न 6:00 बजे तक

निलामी के नियम शर्ते : बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया प्रत्याभूत ऋणदाता (ओएआरपीएल) की वेबसाइट यानी http://omkaraarc.com/ auction.php या सेवा प्रदाता की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानी www.bankeauctions.com का संदर्भ लेने की सलाह दी जाती है।

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठति 9(1) के तहत बिक्री के लिए सांविधिक सूचना**

यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(6)से साथ पठित 9(1) के तहत उपरोक्त ऋण खाते के उधारकर्ता(ओं) को कम से कम15 दिनों (पंद्रह) की एक अनिवार्य सूचना भी है और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत, उन्हें अपरोक्त निर्दिष्ट दिनांक और समय पर ई-नीलामी/बिक्री के आयोजन के बारे में सूचित करते हुए, 19.11.2019 से भविष्य के ब्याज केस साथ उपरोक्त वर्णित बकाया देय राशि का भुगतान करके बिक्री बंद होने से पहले किसी भी समय सभी लागत शुल्क और खर्चों के साथ उपर्युक्त वर्णित संपत्ति को छुड़ाने की सलाह दी गई है। भुगतान में चूक के मामले में, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(5) के तहत संपत्ति प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता के विवेक पर निर्धारित किसी भी प्रणाली के माध्यम से बेची जाएगी।

दिनांक : 11.01.2023 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि.
स्थान : मुंबई (पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता से कार्यरत)

भोपाल संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं